समस्त पत्र व्यवहार "कुलसचिव" को संबोधित किया जाये किसी अधिकारी के व्यक्तिगत नाम से नही । पूर्व सन्दर्भ यदि हो तो, देना आवश्यक है अन्यथा कोई कार्यवाही संभव नहीं होगी ।

दूरभाष : 2527532
तार : युनिव्हर्सिटी
फेक्स : 0731–529540

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन
इन्दौर – 452 001

क्र./शैक्षणिक/सम्बद्वता/19/1135

दिनांक 28 MAR 2019

प्रति,
अतिरिक्त संचालक,
उच्च शिक्षा, इन्दौर संभाग,
मोती तबेला, इन्दौर

विषयः– महाविद्यालयों को प्रवेश हेतु वार्षिक सम्बद्धता का नवीनीकरण/निरंतरता सत्र 2019–20 में प्रदान करने विषयक।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु वार्षिक सम्बद्धता की निरंतरता की जानकारी अग्रणी महाविद्यालयों द्वारा प्रवेश वेरिफिकेशन कार्य हेतु चाही गई है। इस सम्बंद्ध में विद्या परिषद की स्थाई समिति की बैठक दिनांक 28.03.2019 में लिये गये निर्णयानुसार महाविद्यालयों द्वारा जमा वर्तमान सत्र की वार्षिक सम्बद्धता की निरंतरता शुल्क की ऑनलाईन रसीद एवं गत वर्ष की सम्बद्धता/नवीनीकरण तथा मध्यप्रदेश शासन की अनुमति/संबंधित रेग्युलेटरी बाडी द्वारा जारी अनुमति पत्र व महाविद्यालय द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के आधार पर सत्र 2019–20 की अस्थाई सम्बद्धता निरंतरता मान्य करते हुये प्रवेश हेतु वेरिफिकेशन किये जाने के लिये संबंधित अग्रणी महाविद्यालयों के प्राचार्य को निर्देशित करने का कष्ट करें।

कुलपति महोदय के आदेशानुसार

कुलसचिव

क्र./शैक्षणिक/सम्बद्वता/19/

दिनांक 28 MAR 2019

प्रतिलिपि :–

1. समस्त सम्बंधित अग्रणी महाविद्यालय, इन्दौर, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, खरगोन, खण्डवा उपरोक्त पत्रानुसार सम्बंधित दस्तावेजों का अवलोकन कर आवश्यक कार्यवाही करें।
2. कुलपतिजी के सचिव दे.अ.वि.वि. इन्दौर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. उप–कुलसचिव, (प्रशा/गोपनीय/परीक्षा) दे.अ.वि.वि. इन्दौर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. निदेशक, महाविद्यालयीन विकास परिषद, दे.अ.वि.वि. इन्दौर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

उप–कुलसचिव, (शैक्ष.)

(5) आई.टी. सेन्टर